# कृषि विभाग ने पकड़ा नकली डीएपी खाद का जखीरा

## कॉन्वेंट स्कूल परिसर को बना रखा था नकली खाद का सीक्रेट गोदाम, पुलिस ने दर्ज किया मामला

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** चंदेरी में किसानों की पीठ में छुरा घोंपने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। आगामी सीजन में अन्नदाताओं को नकली खाद की सप्लाई कर करोड़ों रुपये ऐंठने की साजिश को कृषि विभाग और संभाग स्तरीय टीम ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। शनिवार को हुई इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से चंदेरी के मिलावटखोरों और अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी खाद विक्रेता के खिलाफ चंदेरी थाने में गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

दरअसल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक रविन्द्र यादव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि श्री कुंज



होटल के पास स्थित मेसर्स खालसा ट्रेडर्स द्वारा भारी मात्रा में नकली खाद डंप की गई है। जब संभाग स्तरीय गुण नियंत्रण दल के साथ गरिमा कॉन्वेंट स्कूल परिसर के एक हिस्से में दबिश दी गई, तो अधिकारी भी दंग रह गए। वहां गुजरात की श्रीराम एग्रो इंडस्ट्रीज के नाम से प्रिंटेड सरदार ब्रांड की 250 बोरी (करीब 12,500 किलो) नकली डीएपी अवैध रूप से बिक्री के लिए भंडारित की गई थी।

**सैंपल लैब भेजे, माल किया सीज:**

कृषि विभाग की टीम ने मौके पर ही आरोपी के बयान दर्ज कर पंचनामा तैयार किया। जब्त की गई सभी 250 बोरियों को गवाहों की मौजूदगी में फतेहाबाद निवासी सोनू चौबे की सुरक्षित सुपुर्दगी (वचन पत्र के साथ) में दे दिया गया है। खाद के सैंपल लेकर जांच के लिए सरकारी लैब भेज दिए गए हैं, जिसकी रिपोर्ट आते ही कोर्ट में चालान पेश किया जाएगा।

### असली डीएपी जैसी हुबहू पैकिंग, किसानों को ठगने की थी तैयारी

पकड़ा गया पदार्थ तकनीकी रूप से ऑर्गनिक सब्सीट्यूट ऑफ डीएपी बताया जा रहा है, लेकिन इसकी पैकिंग और दाने हूबहू देश की सबसे प्रतिष्ठित असली डीएपी खाद जैसे तैयार किए गए थे। जांच दल के मुताबिक, इसका एकमात्र मकसद सीधे-साधे किसानों को भ्रमित कर असली खाद के दाम पर नकली माल बेचना था। जब टीम ने संचालक बहादुर सिंह भुल्लर से इस भारी-भरकम स्टॉक के वैध दस्तावेज, बिल या बिल्टी मांगी, तो वह एक भी कागज पेश नहीं कर सका। वहीं कृषि विभाग के आवेदन पर चंदेरी थाना पुलिस ने त्वरित एक्शन लेते हुए आरोपी विक्रेता बहादुर सिंह भुल्लर पुत्र गुरुवचन सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4) (जालसाजी और धोखाधड़ी) आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, 7, 8, 9 उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के उल्लंघन का आपराधिक मुकदमा दर्ज किया है।




**इनका कहना है।**

*किसानों के साथ धोखाधड़ी और अमानक या अवैध उर्वरक का कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चंदेरी ब्लॉक में ऐसे अन्य संदिग्ध ठिकानों पर भी हमारी पैनी नजर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।*

**रविन्द्र यादव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक, चंदेरी**



# खेत में मिला युवक का शव चेहरे पर मिले चोट के निशान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नानोन रोड पर स्थित एक खेत में 39 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपी ने युवक के सिर और चेहरे पर किसी भारी वस्तु से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नानोन निवासी फरियादी लल्लूराम पाल 37 ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 11 बजे गांव के चौकीदार कैलाश रजक ने उसके घर आकर सूचना दी कि उसके बड़े भाई बृजभान पाल 39 का शव गंगाराम केवट के खेत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही लल्लूराम अपनी भाभी वचन बाई और अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचा। जहां घटनास्थल पर बृजभान का शव जमीन पर औंधे मुंह मुंह के बल पड़ा हुआ था और चारों तरफ खून फैला था। मृतक के सिर और कपाल पर गहरे जख्म के निशान थे और चेहरा एक तरफ से पूरी तरह चपटा हो चुका था, जिससे साफ जाहिर हो रहा था कि उसकी बेरहमी से हत्या की गई है। वहीं परिजनों के मुताबिक 20 और 21 जून की दरम्यानी रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुरानी रंजिश या किसी अन्य कारण से बृजभान के सिर और चेहरे पर घातक प्रहार कर उसकी जान ले ली।

**मौके पर पहुंची पुलिस:**

घटना की सूचना मिलते ही चंदेरी थाने के उप निरीक्षक कदम सिंह मीना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर फरियादी लल्लूराम पाल की शिकायत पर देहाती नालसी दर्ज की। वहीं आरक्षक आशीष शर्मा के माध्यम से असल कायमी हेतु रिपोर्ट थाने भिजवाई गई, जहां अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103(1) हत्या के तहत अपराध स्त्र5मांक 0/26 दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया गया है। पुलिस फिलहाल हत्या के कारणों और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## एक नजर में

### आरबीएसके के तहत 6 माह के विशाल की हुई सफल निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी

**नवभारत अशोकनगर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम RBSK एक बार फिर किसी परिवार के लिए वरदान साबित हुआ है। कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी के निर्देशन में एक 6 माह के मासूम बच्चे की भोपाल के लेक सिटी हॉस्पिटल में सफल और पूरी तरह नि:शुल्क सर्जरी कराई गई है।




आरबीएसके के मेडिकल ऑफिसर डॉ. सौरभ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अशोकनगर निवासी 6 वर्षीय मासूम विशाल ( परिवर्तित नाम ) जन्मजात क्रेफ्ट लिप कटा होंठ नाम की बीमारी से ग्रसित था। इस समस्या के कारण मासूम को न तो ठीक से दूध पीते बनता था और न ही वह चैन से सांस ले पा रहा था। आंगनबाड़ी स्क्रीनिंग के दौरान सजग आरबीएसके टीम की नजर इस बच्चे पर पड़ी और उन्होंने तुरंत उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर बच्चे को भोपाल के लेक सिटी हॉस्पिटल रेफर किया। वहां प्रख्यात प्लास्टिक सर्जन डॉ. आनंद जयन्त काले द्वारा विशाल की जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। वहीं इस सफल ऑपरेशन के बाद विशाल अब पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य बच्चों की तरह सांस ले पा रहा है। विशाल के माता-पिता ने इस त्वरित मदद के लिए जिला प्रशासन और डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त किया है।

### भरत तिवारी की हत्या के विरोध में 25 जून को सवर्ण समाज सौंपेगा ज्ञापन

**नवभारत अशोकनगर।** बिहार के भोजपुर में सवर्ण समाज के युवक भरत तिवारी की हुई निर्मम हत्या के विरोध में स्थानीय ब्राह्मण धर्मशाला में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित समाज जनों ने इस जघन्य हत्याकांड पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए एकजुटता का संकल्प लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 25 जून को संपूर्ण सवर्ण समाज के तत्वावधान में महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। ज्ञापन सौंपने से पूर्व मृतक भरत तिवारी की आत्मा की शांति के लिए एक श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की जाएगी। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि बिहार में सवर्ण समाज के युवाओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रदर्शन में सवर्ण समाज के सभी घटकों से बड़ी संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया गया है। इसके बाद भरत तिवारी के हत्यारों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए जल्द से जल्द फांसी की सजा दी जाए और पीड़ित परिवार को उचित सुरक्षा एवं आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए। इस बैठक में वरिष्ठ राजेंद्र तिवारी, राहुल शर्मा पंडा, अभिषेक पीपल खेड़ा, नरेश महाराज बमुरिया, धर्मेंद्र दुबे, कृष्णा शर्मा सलमाई, जीतेन्द्र शर्मा मोहरी, अनुज शर्मा, अगस्त रघुवंशी और गोल्डी राजपूत सहित समाज के कई प्रमुख सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### म्यापुर में कराया योग

**नवभारत शाढ़ौरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर विकासखंड, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति म्यापुर के तत्वाधान में जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति के सचिव विवेक कुमार रघुवंशी द्वारा सभी को योग प्राणायाम ध्यान का अभ्यास कराया और सूर्य नमस्कार भी किया गया। इस अवसर पर जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति के सचिव विवेक कुमार रघुवंशी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अरुण रघुवंशी समिति के सदस्य तथा ग्रामवासी दीपक रघुवंशी,शिवेंद्र रघुवंशी प्रदीप रघुवंशी, निक्की रघुवंशी,रामू रघुवंशी रामू प्रजापति, रामकृष्ण अहिरवार रणवीर,रामस्वरूप शर्मा, मोनू उपस्थित रहे।

# 5 लाख का लालच और जान की धमकी देकर कोर्ट में लगवाए राजीनामा के कागज, जेठ सहित 4 पर FIR

**मूक-बाधिर मासूम से गैंगरेप मामले में नया मोड़**

**मां ने थाने पहुंचकर सुनाई आपबीती**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर/नईसरांय।** सितंबर 2025 में ग्राम ऊमरी की एक 10 वर्षीय मूक-बधिर मासूम बच्ची के साथ हुए जघन्य सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) मामले में एक बेहद सनसनीखेज मोड़ सामने आया है। जेल में बंद मुख्य आरोपियों अजय उर्फ संजू, भगवत और जगदीश निवासी किरौंदा को बचाने के लिए उनके परिजनों ने पीड़िता के परिवार को न सिर्फ जान से मारने की धमकी दी, बल्कि पीड़िता की मां की सहमति के बिना धोखाधड़ी कर कोर्ट में राजीनामे के फर्जी दस्तावेज भी पेश कर दिए। इसकी जानकारी जैसे ही पीड़िता की मां को लगी तो वह डरी-सहमी रविवार को अपने भाई, रिश्तेदारों और समाजजनो के साथ नईसरांय थाने पहुंची और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराते हुए एफआईआर दर्ज कराई।




### पति की लाचारी का उठाया फायदा, 5 लाख का दिया लालच:

पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार मुख्य आरोपी अजय के पिता दामोदर उर्फ दामू कुशवाह, उसके म्याना गुना निवासी दामाद, गांव के भुल्लू शिकारी और पीड़िता के सगे जेठ कबूला प्रजापति ने मिलकर इस साजिश को अंजाम दिया। पीड़िता की मां द्वारा बताया गया है कि आरोपी पक्ष ने केस वापस लेने के लिए 5 लाख रूपये का लालच दिया था और मना करने पर जबरन 5000 रूपये बच्ची को थमा दिए। चूंकि पीड़िता का पति शराब पीने का आदी है, तो आरोपियों ने उसकी इस कमजोरी का फायदा उठाकर उसे आए दिन शराब पिलाने के साथ ही परिवार को परेशान किया जाता है और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी जाती है।

पीड़िता ने बताया कि 19 जून को उसके जेठ कबूला प्रजापति ने मासूम बच्ची को ईसागढ़ के स्कूल में दाखिला दिलाने के बहाने घर से ले गए। इसके बाद वे उसके पति और बच्ची को ग्वालियर की बड़ी अदालत (हाई कोर्ट) ले गए और मां की बिना सहमति के केस रफा-दफा करने के लिए राजीनामे के कागज लगवा दिए। यही नहीं आरोपियों ने पीड़िता के वकील दुर्गेश प्रजापति पर भी पैसे लेकर राजीनामा करवाने का दबाव बनाया था।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला:**

10 वर्षीय मूक-बधिर मासूम बच्ची के साथ हुए जघन्य सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने पूरे जिले का शर्मसार कर दिया था, तो वहीं आरोपियों पर कड़ी कार्यवाहीं की मांग को लेकर समाज सहित समस्त समाज ने ज्ञापन देकर कड़ी कार्यवाहीं की मांग की गई थी। इस जघन्य अपराध के बाद भी आरोपियों और उसके परिजनों द्वारा राजीनामा का दबाब बनाया गया और मां की बिना सहमति के नाबालिग को ग्वालियर ले जाया गया, जहां कई दस्तावेजों लगाए गए। जब मां को इस पूरी धोखाधड़ी और साजिश का पता चला, तो वह तुरंत नईसरांय थाने पहुंची और पूरे मामले से अवगत कराया। जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी दामू कुशवाह, भुल्लू शिकारी, जेठ कबूला प्रजापति और म्याना निवासी एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता BNS 2023 की धारा 231, 351 (3), और 3( 5) के तहत जबरन दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई री-नीट की परीक्षा, दो केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित री-NEET UG 2026 मेडिकल प्रवेश परीक्षा रविवार को जिला मुख्यालय पर निर्धारित दो केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा के लिए कुल 865 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनके लिए दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिसका स्वयं कलेक्टर ने निरीक्षण कर जायजा लिया।

दरअसल परीक्षा के लिए शासकीय पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नेहरू महाविद्यालय एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बनाए गए थे, जहां पर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा संपन्न कराई गई।

**कड़े सुरक्षा घेरे में हुई सघन चेकिंग:**

सुबह 11 बजे से ही परीक्षार्थियों को केंद्रों में प्रवेश देना शुरू कर दिया गया था। सुरक्षा इतनी सख्त थी कि परीक्षार्थियों के हाथों-गले में बंधे धागे, कलावा और रंगीन पानी की बोतलें तक बाहर रखवा ली गईं। परीक्षार्थियों को पेन तक साथ ले जाने की अनुमति नहीं थी, उन्हें परीक्षा हॉल के अंदर ही पेन उपलब्ध कराए गए। प्रवेश से पहले दस्तावेजों की गहन जांच की गई और परीक्षार्थियों के बैग, पैसे व अन्य सामान को टोकन नंबर देकर बाहर सुरक्षित रखवाया गया। वहीं परीक्षा को लेकर प्रशासन एक दिन पहले से ही अलर्ट मोड पर था। कोतवाली थाने में कोचिंग संचालकों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए गए थे और निगरानी के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया था।

# पुलिस गिरफ्त में आया लूट गैंग का आरोपी

**तीन जिलों में सक्रिय है यह गैंग**

**गैंग के दो सदस्यों की तलाशी शुरू**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना पुलिस ने अंतर-जिला लूट गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग के एक शातिर सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट का माल बरामद कर लिया है, जबकि उसके दो साथी अभी फरार हैं।

दरअसल 17 मार्च 2026 का है, जब गुना निवासी फरियादी रणवीर सिंह रघुवंशी का काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने रुपयों से भरा थैला छीन लिया था। थैले में 13,700 रुपये नगद और जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस ने धारा 304(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों साइबर सेल की मदद से जांच आगे बढ़ाई। पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपी राज उर्फ राजबम 22 वर्ष, निवासी खंडवा को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसकी गैंग अशोकनगर के अलावा देवास, मक्सी और धार जिले के पीथमपुर में भी बाइक से बैग छीनने और लूट की वारदातों को अंजाम दे चुकी है। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से लूट का माल बरामद कर न्यायालय से रिमांड पर लिया है। गैंग के फरार सदस्य अन्नु उर्फ अनुराग पवार और लोकेन्द्र चिढार की तलाश तेजी से की जा रही है। इस सराहनीय कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मनीष गुर्जर, एएसआई विनोद तिवारी, प्रधान आरक्षक नवल किशोर, दिनेश, आरक्षक अभयराज, महेश, गौरव, पवन धाकड़ और निशांत छारी शामिल रहे।

# बंसीवट पर पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ संपन्न

**यज्ञ के बाद खीर मालपुआ का किया भंडारा**

**यज्ञ के साथ दिया गया योग का संदेश**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री परिवार के निर्देशन में श्री राम प्रज्ञा मंडल द्वारा जिले में चलाए जा रहे 108 पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ संकल्प के तहत बंसीवट आश्रम में एक दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर 51 यजमानों ने मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ कुंड में आहुतियां दीं और श्रद्धाभाव से गायत्री माता की आरती उतारी। महायज्ञ की पूर्णाहूति के पश्चात उपस्थित जनसमुदाय के लिए खीर-पूरी और मालपुआ का भंडारा आयोजित किया गया।



वहीं महायज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गायत्री मंत्र ऋग्वेद से और प्रणव ओंकार बृहदारण्यक उपनिषद से लिया गया है। किसी भी मंत्र की सिद्धि के लिए पहले गायत्री पुरश्चरण करना अनिवार्य होता है। वहीं बताया कि अष्टांग योग से न केवल हमारा शरीर बल्कि अंत:करण भी मजबूत होता है। नियमित योग करने वाले लोग हमेशा स्वस्थ रहते हैं। इसके अलावा विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में उन्होंने सूर्य नमस्कार, चक्रासन, मयूरासन, शीर्षासन, भुजंगासन, कपालभाति और अनुलोम-विलोम के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में संत-महात्मा योग के बल पर ही मृत्यु पर विजय प्राप्त करते थे।

**आयोजन** | **जिलेभर में उत्साह से मनाया गया 12 वां अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस, स्कूल सहित पर्यटन स्थलों पर हुआ आयोजन**

# स्वस्थ शरीर के लिए योग को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा : बृजेंद्र

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में स्कूलों से लेकर ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों पर योगाभ्यास का कार्यक्रम का किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद स्कूल में आयोजित किया गा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुंगावली बृजेन्द्रसिंह यादव उपस्थित रहे। तो वहीं कलेक्टर साकेत मालवीय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर बृजबिहारी लाल श्रीवास्तव, आर.बी.सिण्डोस्कर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इस दौरान मुख्य अतिथि श्री यादव ने कहा



कि स्वास्थ्य शरीर के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनायें। जिससे मन, मस्तिष्क एवं शरीर का संतुलन बेहतर रहता है। योग से शरीर के साथ मन भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि केवल एक दिन नहीं प्रतिदिन योग करें, यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो शरीर में ऊर्जा का संचार होगा। योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। योग मन की शांति, बुद्धि एवं शरीर के लिये और सकारात्मक ऊर्जा के लिये आवश्यक है। कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से प्रसारित विभिन्न योगासनों को दिखाया गया। उपस्थितजनों द्वारा एक साथ विभिन्न मुद्राओं में योग किया गया। कार्यक्रम में योग दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का लाईव प्रसारण किया गया। जिसे उपस्थितजनों द्वारा देखा एवं सुना गया।

# बादल महल में हुआ भव्य सामूहिक योगाभ्यास

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** शासकीय माधव महाविद्यालय में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को विविध योग गतिविधियों, प्रशिक्षण सत्रों एवं सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता तिवारी के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ।

योग दिवस सप्ताह के दौरान संपूर्ण महाविद्यालय परिसर स्वास्थ्य, अनुशासन, सकारात्मक ऊर्जा एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से ओत-प्रोत दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग जागरूकता एवं पूर्वाभ्यास सत्र के साथ हुआ साथ ही योग की वैज्ञानिक उपयोगिता, मानसिक संतुलन, तनाव प्रबंधन एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर उसके सकारात्मक प्रभावों को विस्तार से समझाया गया। वहीं 21 जून



को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन के अंतर्गत ऐतिहासिक बादल महल परिसर, चंदेरी में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।